हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(ग्यारहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 14 मार्च, 2016/24 फाल्गुन, 1937 (शक्)

[**सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - वन मंत्री - शहरी विकास मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा सहकारिता मंत्री**].

कुल प्रश्न - 6

मुसाबी/लट्ठे तैयार करना

1232 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला कुल्लू के अन्तर्गत कुछ पटवार सर्कलों में लट्ठे व मुसाबी फट चुकी हैं; यदि हां, तो ब्यौरा पटवार सर्कलवार दें; और

(ख) सरकार की इन पटवार सर्कलों में नई मुसाबियां व लट्ठे तैयार करने की क्यायोजना है; ब्यौरा दें?

भवन रहित पटवार खाने

1233 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में जिला कुल्लू के अन्तर्गत कितने पटवार खाने भवन रहित हैं और कितने ऐसे हैं जो जर्जर अवस्था में हैं;

(ख) कितने पटवार खाने निर्माणाधीन हैं और कितने मरम्मत हेतु लम्बित हैं; और

(ग) यह सत्य है कि पटवार खाना चौग जर्जर हालत में है; यदि हां, तो इसका पुनः निर्माण कब तक कर दिया जायेगा ?

भवन निर्माण

1234 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)**:

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में जिला कुल्लू के अन्तर्गत कितने आयुर्वैदिक औषधालय हैं; नाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) इनमें से किस-किस आयुर्वैदिक औषधालय का भवन बन कर तैयार हो चुका है तथा किस-किस औषधालय का भवन अधूरा है; यह भवन कब तक बन कर तैयार हो जायेंगे; ब्यौरा दें;

(ग) किस-किस औषधालय के नाम भूमि उपलब्ध है तथा कौन-कौन से औषधालय वन भूमि पर बने हैं; और

(घ) सरकार वन भूमि हस्तांतरण हेतु क्या कार्रवाई अमल में ला रही है; ब्यौरा दें?

अवैध कब्जा

1235 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **वन मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने लोगों ने वन भूमि पर अवैध कब्जा किया है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) यह सत्य है कि वन भूमि पर बनाये गये अवैध भवनों के बिजली व पानी के मीटर काटे गये हैं; यदि हां, तो ब्यौरा नाम सहित दें ?

आयुर्वैदिक अस्पताल कुटाहची

1236 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **सहकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयुर्वैदिक अस्पताल कुटाहची में डॉक्टरों व अन्य स्टाफ के कितने पद सृजित हैं; विवरण दें;

(ख) इनमें से कितने पद रिक्त हैं; विवरण दें; और

(ग) सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

नगर पंचायतों का उन्नयन

1237 **श्री किशोरी लाल (बैजनाथ):**

क्या **शहरी विकास मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार बैजनाथ तथा पपरोला को नगर परिषद का दर्ज़ा देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ख) नगर पंचायत बैजनाथ-पपरोला में स्थाई सचिव तथा अन्य स्टाफ की नियुक्ति कब तक कर दी जायेगी; ब्यौरा दें?

शिमलाः 171004. **सुन्दर सिंह वर्मा,**

दिनांकः 26 फरवरी, 2016. **सचिव।**